# इंस्टिट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम द्वारा NCRTC एवं ADB के सहयोग से RRTS की भूमिका पर भुड़बराल गांव मेरठ में ग्रामीण महिलाओं के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मेरठ-7 जून (बुधवार) को जनता इंटर कॉलेज भुड़बराल गांव मेरठ के सभागार में इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट द्वारा NCRTC एवं ADB के सहयोग से गतिशीलता और परिवहन के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना RRTS की भूमिका पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को आने वाले समय में इस परियोजना का कैसे लाभ मिलेगा एवं क्षेत्र का कैसे विकास होगा के के बारे में अलग अलग वक्ताओं ने सभागार में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर NCRTC के श्री तरुण मोंगा जी सभी मेहमानों एवं उपस्थित लोगों का सवागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की !RRTS प्रोजेक्ट के बारे में जागरूकता के लिए NCRTC से श्री पुनीत वत्स CPRO जी ने सभी अतिथिगण एवं उपस्थित स्थानीय लोगों को संबोधीत कर उन्हें इस परियोजना के प्रति जागरूकता तथा इसका महत्व समझाने पर बल दिया एवं उपयोगिता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की ।तथा महिला जागरूकता पर IRDP से डॉक्टर पुष्पा सिंह एवं श्रमिति विशाखा सिंह बस्सी ने महिलाओं को यात्रा के दौरान कैसे स्वयं को सुरक्षित रखा जाए विस्तृत जानकारी दी !IRDP के प्रोग्राम मैनेजर इम्बेसात राणा ने महिलाओं के सुरक्षा संबन्दी जानकारियां दीं! प्रोग्राम का प्रारंभ सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय गान से किया और IRDP के अध्यक्ष श्री बिपिन कुमार बल ने सभी अतिथियों को शॉल एवं मोममेंटो से स्वागत किया एवं कार्यक्रम के अंत में NCRTC के श्री शैलेन्द्र वर्मा जी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ जिसमे उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सहभागियों का धन्यवाद किया !मंच संचालन की ज़िम्मेदारी श्रीमती फरहत नाज़ जी दुआरा किया गया!




